




# बेसमेंट में दुकानें, सड़क पर पार्किंग

## स्मार्ट सिटी के माध्यम से सड़क चौड़ीकरण के बावजूद भी शहरवासियों को नहीं मिल रही राहत

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मार्च. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी की चौड़ी सड़कों के बावजूद भी सड़क पर खड़े दो पहिया और चार पहिया वाहन आवागमन को अवरुद्ध कर रहे हैं.**

मालूम हो कि सागर शहर में स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा सिविल लाइन चौराहा से तिली चौराहा तक एसआर-2 और तिली तिराहा से तीन मढ़िया तक एसआर-1 का निर्माण लाखों रुपए की लागत से कराया गया. दोनों मार्गों पर सड़क चौड़ीकरण भी किया गया. मगर सड़क चौड़ीकरण का फायदा आम आदमियों को न मिलकर दुकानदारों को मिल रहा है. चौड़ी



सड़कों पर चार पहिया वाहनों की पार्किंग और दो पहिया वाहनों के खड़े रहने से आवागमन अवरुद्ध बना रहता है. जिसका मूल कारण उपरोक्त दोनों मार्गों पर व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण तो करा दिया गया मगर वाहनों की पार्किंग के लिए स्थान नहीं छोड़ा गया. तो वहीं बेसमेंट भी किराए पर दे दिए गए हैं. एसआर-1 पर तो सड़क के एक ओर बड़ी संख्या में बने कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स में आने वाले खरीददारों के वाहन खड़े करने के लिए सड़क का उपयोग ही हो रहा है. आलम यह है कि कॉम्पलेक्स के बाहर हाथ ठेला पर संचालित खाद्य पदार्थों की दुकानें सड़क पर रखकर आवागमन अवरुद्ध कर रहे हैं.

> मालूम हो कि एसआर-1 पर जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहा है तो वहीं निजी नर्सिंग होम में भी बड़ी संख्या में संचालित किए जा रहे हैं. मेडिकल कॉलेज की बाउंड्रीवॉल से सटकर हाथ ठेले पर लगी दुकानों के कारण आपातकालीन सेवा में लगे वाहनों को निकालने में मसक्कत करनी पड़ती है तो वहीं मधुमक्खी की तरह सड़क पर मडराते आपे, ऑटो, ई-रिक्शा अघोषित रुप से स्टैंड का रुप ले चुके हैं. यातायात व्यवस्था सुधारने के नाम पर कभी-कभी पुलिस कर्मी सिटी बजाते नजर आयेंगे. मगर नगर निगम का अतिक्रमण अमला बीएमसी की बाउंड्रीवॉल को अतिक्रमण मुक्त नहीं कर पा रहे हैं.

## शादी के एक माह पूर्व युवती ने फांसी लगाई

**खुरई.** ग्रामीण थाना क्षेत्र के कुमरोल गांव में 19 वर्षीय युवती फूलवती पिता संतू कुशवाहा ने अपने ही घर में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. यह घटना उस समय हुई जब परिवार के सभी सदस्य खेत पर काम करने गए हुए थे. परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार घर में अगले महीने होने वाली युवती की शादी की तैयारियाँ चल रही थीं, लेकिन इस अनहोनी ने खुशियों को मातम में बदल दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और पंचनामा कार्यवाही कीं. शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई, आखिर कार युवती ने शादी से पहले यह कदम क्यों उठाया, घटना4 बजे की बताई जा रही है.

# संपूर्ण जिले में विद्युत ऑडिट करने की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपी गई

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मार्च. आगामी त्योहारों को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसमें कलेक्टर संदीप जी.आर ने शांति समिति के सदस्यों से सभी धार्मिक त्योहारों को आपसी सद्भावना एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए कहा.**

कलेक्टर ने कहा कि सभी धर्मों के त्योहार सभी संप्रदाय के लोग मिलकर आपसी सद्भाव के साथ शांति व सौहार्द्र के वातावरण में मनाएं. नगर की परंपराओं का पालन करते हुए सभी संप्रदाय के लोग उक्त पर्व शांति, सद्भाव एवं सौहार्द्र के वातावरण में मनाएं। शांति समिति की विशेष भूमिका का निर्वहन करते हुए जनसाधारण से भी शांति व सौहार्द्र बनाए रखने हेतु अनुरोध करें. उन्होंने निर्देश दिए कि धार्मिक स्थानों सहित संपूर्ण जिले में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. इसके साथ ही नगर निगम द्वारा संपूर्ण जिले में विद्युत ऑडिट किया जाए, जिससे ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जा सके जहां प्रकाश अपर्याप्त है अथवा जहां सुधार की आवश्यकता है.

साथ ही शहर में होलिका दहन विद्युत लाइन के नीचे न किया जाए, सड़कों के ऊपर जहां पर होलिका दहन किया जाना है, उस स्थल पर मिट्टी डालकर होलिका दहन किया जाए, जिससे सड़क को नुकसान न हो.

> कलेक्टर ने कहा कि थानों सहित सभी रहवासी, जिनके घर या प्रतिष्ठानों पर कैमरे लगे हुए हैं, वे उनकी वर्किंग चेक कर लें, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि सभी कैमरे चालू अवस्था में हैं या नहीं. क्योंकि किसी दुर्घटना या अप्रत्याशित घटना के दौरान ये सीसीटीवी कैमरे मददगार साबित होते हैं. उन्होंने निर्देश दिए कि संपूर्ण नगर में विशेषकर जिन-जिन स्थानों से होली, रंग पंचमी, चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा, ईद-उल-फितर, रामनवमी, महावीर जयंती एवं समारोह कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, उन स्थानों के आसपास किसी भी प्रकार की गंदगी न रहे.इसका विशेष ध्यान रखते हुए सफाई कर्मियों से प्रतिदिन सफाई कराई जाए.

# टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव




नवभारत न्यूज

**सागर 1 मार्च. जिले के टैक्स बार एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुए.**

मुख्य चुनाव अधिकारी एड. हर्षवर्धन दिवाकर एवं एड. आलोक जैन एवं सहायक चुनाव अधिकारी चार्टर्ड अकाउंटेंट सचिंद्र नामदेव एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट अर्पित श्रीवास्तव द्वारा संपन्न करवाए. जिसमे टैक्स बार एसोसिएशन सागर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष राहुल खरया, उपाध्यक्ष यशवंत जैन, उपाध्यक्ष बीना ललित हुरकट, सचिव पवन पाठक, सह सचिव हितेश भंडारी, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता निर्वाचित हुए.



## श्रेया को गोल्ड मेडल

**सागर.** वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर के आठवे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा छात्रा श्रेया ठाकुर को साइबर फॉरेंसिक साइंस में एमएससी में टोपर ऑफ द प्रोग्राम का गोल्ड मेडल प्राप्त किया. श्रेया को विवि द्वारा बेस्ट स्टूडेंट के लिए भी गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ. भगवानगंज निवासी पवन ठाकुर, रितु ठाकुर की पुत्री श्रेया को गोल्ड मेडल मिलने पर परिजनों ओर शुभचिंतकों ने बधाई दी है.

# झीकनी घाटी आश्रम में मेले का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खुरई 1 मार्च. झीकनी घाटी, बांदरी स्थित श्री अर्धनारीश्वर सेवा संस्थान आश्रम में फाल्गुन मास पर भगवान खाटूश्याम के उपलक्ष्य में मेले का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि भगवान खाटू श्याम, जिनका मूल नाम बर्बरीक था, महाभारत के अत्यंत वीर और महान योद्धा थे. उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या कर उन्हें प्रसन्न किया और तीन अभेद्य बाण प्राप्त किए, जिससे वे तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुए.



इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तिभाव से सम्मिलित हुए. मेले में धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और प्रसादी वितरण का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में गुरुजी जितेन्द्र दास महाराज, पं. राजेन्द्र प्रसाद, पं. नंदराम बाबा नरयावली, श्री अर्धनारीश्वर सेवा संस्थान कार्य समिति लक्ष्मीनारायण मुढोतिया, महेन्द्र यादव, रमेश मढोतिया सहित ग्रामीण क्षेत्रों से लोग उपस्थित रहे.

# शांति समिति की बैठक संपन्न



नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 1 मार्च. नगर परिषद में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में थाना प्रभारी संदीप खरे ने निर्देश दिए कि होली के त्यौहार पर किसी भी प्रकार से शांति भंग ना हो, इस वर्ष होली में 3 मार्च और 8 मार्च को शुष्क दिवस है जिसका पालन होना चाहिए .यदि किसी असामाजिक तत्वों द्वारा शराब पीकर माहौल बिगड़ने का प्रयास किया तो पुलिस कार्रवाई करेगी. शांति समिति की बैठक में आपसी तालमेल और हंसी खुशी के त्यौहार को भाईचारे जैसा मनाया जाए.इस बैठक में सीएमओ विनय मिश्रा मौजूद थे.

# ग्राम साईखेड़ा में रासेयो का कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मार्च. शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बुजुर्ग की रासेयो छात्रा इकाई द्वारा ग्राम साईखेड़ा में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है.**

ग्राम सरपंच श्रीमती कल्लो आदिवासी ने कहा कि शिविर के दौरान स्वयंसेविकाएं लगातार सराहनीय कार्य कर रही हैं. प्राचार्य डॉ. एसी जैन ने भी प्रशंसा की. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि यादव ने बताया कि स्वयंसेविकाएं ग्राम में सतत भ्रमण कर ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त कर रही हैं.



शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, पंचायत भवन परिसर का सौंदर्यीकरण, पौधारोपण, साक्षरता सर्वे एवं साक्षरता रैली, स्कूल विजिट, आंगनवाड़ी सर्वे, मंदिर एवं सार्वजनिक स्थलों तथा हैंडपंपों की सफाई, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. इसके साथ ही विभिन्न बौद्धिक सत्रों में डिजिटल साक्षरता एवं रासेयो के महत्व पर कार्यशालाएं आयोजित की गई. सुंदरकांड पाठ, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए.

# राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 1 मार्च. शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विकसित भारत को उत्प्रेरित करती विज्ञान के क्षेत्र में महिलाए विषय पर राष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन हुआ.**

प्राचार्य डॉ चन्दन सिंह सागर ने आने वाले 100 वर्षों में रोबोट से खेती,चन्द्रमा पर कुछ घंटों में पहुँचने जैसे कल्पनाओं को साकार होने बताया. कार्यक्रम में प्रभारी दीपशिखा नेमा, डॉ विकास कुमार, डॉ विवेक द्विवेदी, डॉ आरती सोनी ने व्याख्यान दिए. इस मौके पर रश्मि जैन, भरत पटेल, अनीता मालवीय, प्रियांशी राजोरिया, डॉ विवेक द्विवेदी सागर, डॉ आरती सोनी जैसीनगर सहित छात्र छात्राएं मौजूद थे.

# विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

नवभारत न्यूज

**रहली 1 मार्च. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सौजन्य से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया.**

सर्वप्रथम विज्ञान संकाय से छात्रा दीप्ति सेन, वर्षा भदौरिया, महिमा पटेरिया, जिया ठाकुर ने विज्ञान और विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला. विज्ञान आधारित मॉडल बनाकर प्रदर्शनी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मॉडलों पर अवलोकनकर्ताओ ने प्रश्न पूछे.



इस अवसर पर व्याख्यान सत्र में डॉ. मनोज जैन, पीयूष जैन एवं डॉ. पवन शर्मा, शुभ्रा अवस्थी ने विज्ञान दिवस और वैज्ञानिक अविष्कार एवं नवाचार पर विचार प्रस्तुत किए. अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने एवं समाज के विकास में योगदान देने का संदेश दिया. संचालन मेघा श्रीवास्तव, आभार शुभ्रा अवस्थी ने माना. इस दौरान सुषमा चौरसिया, नेहा डेहरिया, राजू सेन, संगीता जग्गी, सौरभ पटेल, राजमणि सोनी, हरिश्चंद्र चौरसिया मौजूद थे.

# ननि कर्मी की हत्या के आरोपी सहित 4 नाबालिग पकड़े गए

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मार्च. कोतवाली थाना अंतर्गत पुरव्याऊ क्षेत्र में पिछले दिनों हुई नगर निगम के मस्टर कर्मी चंद्रलेश चौरसिया की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी संतोष चौरसिया सहित चार विधि विरुद्ध बालक एवं एक बालिका को गिरफ्तार किया है.**

जानकारी के अनुसार जमीनी विवाद के चलते आरोपियों ने चंद्रलेश चौरसिया और उनकी पत्नी शशि चौरसिया पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया. गंभीर रूप से घायल चंद्रेश को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. उनकी पत्नी का उपचार अभी अस्पताल में जारी है.

> थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंघल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी संतोष चौरसिया को गिरफ्तार किया. साथ ही वारदात में शामिल चार विधि विरुद्ध बालकों और एक बालिका को भी अभिरक्षा में लिया गया. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कटर/चाकू बरामद कर लिए हैं. सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है. पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक चंद्रेश बघेल, प्रधान आरक्षक मुकेश कुमार, आरक्षक नीलेश, अजय परमार, हेमंत सिंह सहित कोतवाली स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही.

## आदतन अपराधी को जिला बदर किया गया

**शाहगढ़.** थाना शाहगढ़ पुलिस द्वारा आदतन अपराधी के विरुद्ध सख्त जिला बदर कार्रवाई की गई. थाना प्रभारी संदीप खरे ने बताया कि भूरा यादव निवासी भटाझोर उम्र लगभग 38 वर्ष विरुद्ध पूर्व से विभिन्न आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं. उसकी निरंतर आपराधिक गतिविधियों के कारण क्षेत्र की शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना बनी हुई थी. पुलिस अधीक्षक द्वारा सक्षम प्राधिकारी को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिला दण्डाधिकारी द्वारा आरोपी के विरुद्ध जिला बदर का आदेश पारित किया गया. जिला बदर की कार्यवाही में चौकी प्रभारी सतेंद्र सिंह गुर्जर, दिनेश साहू आदि का विशेष योगदान रहा है.

# जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान

## प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता निर्माण की पहली सीढ़ी : पूर्व मंत्री सिंह

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मार्च. प्रशिक्षण केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है. इससे संगठन की कार्यपद्धति में एकरूपता आएगी और सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रहित की भावना और अधिक प्रखर होगी. प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन और कार्यकुशलता को दिशा देगा.**

बूथ स्तर तक सक्रिय और प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं. यह महाअभियान कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, सेवा कार्यों और जनसंपर्क अभियान से जोड़ते



हुए उन्हें अधिक प्रभावी बनाएगा. व्यापक प्रशिक्षण महाअभियान से संगठन और अधिक सुदृढ़ होगा. यह बात भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर ने आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही. कार्यशाला को पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह, प्रशिक्षण अभियान संभागीय टोली सदस्य सदानंद गौतम, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी सम्बोधित किया. कार्यशाला में विधायक शैलेन्द्र जैन, जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, टोली सदस्य जाहर सिंह जिला टोली सदस्य जगन्नाथ गुरैया, जयंती मौर्य, देवेंद्र कटारे, मनीष चौबे आदि मौजूद थे.



# पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मार्च. जिला पुलिस बल से सेवानिवृत्त हो रहे तीन अधिकारियों को पुलिस कंट्रोल रूम में समारोह के माध्यम से विदाई दी गई.**

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में कार्यवाहक उपनिरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक देवराज सिंह जाट, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक प्रभुदयाल गौतम शामिल हैं. कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिंहा द्वारा तीनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक नीतेश वायकर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए. इन अनुभवों को सुनाते समय परिवारजनों ने बताया कि कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने सदैव अपने परिवार प्रमुख को कर्तव्य पालन के लिए प्रेरित किया और हर परिस्थिति में उनका मनोबल बढ़ाया.

# वॉटर प्रोजेक्ट की संचालन संधारण कंपनी पर बरसे

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मार्च. नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की अध्यक्षता में महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं सभी पार्षदों की उपस्थिति में आयोजित किया गया.**

महापौर श्रीमति तिवारी ने कहा कि टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारियों द्वारा कार्य में लगातार लापरवाही बतरी जा रही है जिस कारण वार्डों की समस्यायें समाप्त नहीं हो रही है, टाटा को हमेशा ही पार्षदों से संपर्क करने के लिये हर बार कहा जाता है



परंतु उनके द्वारा पार्षदों से संपर्क नहीं किया जा रहा है, अगर एक माह के अंदर टाटा द्वारा पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं किया जाता है तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए. एमआईसी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर ने कहा कि परकोटा वार्ड की जनता को सबसे कम पेयजल की सप्लायी की जा रही है, परकोटा वार्ड में कृष्णगंज पानी की टंकी से 10 वार्डों को पेयजल की सप्लायी की जा रही है, कृष्णगंज पानी की टंकी की क्षमता अन्य पानी की टंकियों से कम है. परकोटा वार्ड पहाड़ी क्षेत्र पर होने से बगैर प्रेशर के पानी की सप्लायी की जा रही है जिससे वार्ड में लोगों को पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है.

> पार्षद डॉ. याकृति जड़िया ने कहा कि टाटा द्वारा जिन वार्डो में पहले से समस्यायें थी उनमें कोई सुधार नही किया गया है इसे गंभीरता से लेना चाहिए. गर्मी का मौसम आ रहा है इसलिये अभी से व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाये जिससे लोगों को पानी मिल सकें. वार्ड के नागरिकों की नाराजगी का सामना पार्षदों को करना पड़ता है इसलिये टाटा सभी समस्याओं का निराकरण करें. नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ने कहा किन-किन स्थानों पर 46 किलो मीटर पाईप लाईन बिछायी जाना है, पाईप लाईनों से गंदा पानी आ रहा है. पार्षद धर्मेन्द्र खटीक ने कहा कि टाटा द्वारा कितने वार्डो में पाईप लाईन डाली गई है और कितने वार्डो में शेष है जानकारी दी जाये तथा जिन वार्डो के गंदा पानी नलों में आ रहा है उसकी जांच कर ठीक किया जाये. एमआईसी सदस्य अनूप उर्मिल ने कहा कि गर्मी का मौसम आने वाला है इसलिये पेजयल की सप्लायी हेतु टेंकरों को भरने के लिये और हाईडेंट बढ़ा लिये जाए. चर्चा में रानी अहिरवार, मनोज चौरसिया, मेघा दुबे, सुलेखा राकेश राय, सूरज घोषी, रूबी पटैल, देवेन्द्र अहिरवार, अशोक साहू, रिचा सिंह, रोशनी खान, रीतेश तिवारी, पूजा सोनी, अनीता रामू ठेकेदार, नीलोफर अंसारी ने भी बात रखी.

# विधान में 512 अर्घ्य चढ़ाए गए



नवभारत न्यूज

**सागर 1 मार्च. सिद्धचक्र विधान वें ऋषभदेव मकरोनिया में 512 अर्घ्य से पंचपरमेष्ठी विधान सम्पन्न हुआ.**

अभिषेक शांतिधारा सहित नंदीश्वर पूजा भी संपन्न हुई. मैनासुंदरी श्रीमति बंदना मुरार द्वारा प्रतिदिन मंत्रित गंधोदक प्रदान कर सभी की निरोगता की कामना की जा रही है. प्रतिष्ठाचार्य द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार चंदन के वृक्ष में लिपटे विषैले सर्फ बंधन नही छोड़ते किंतु उस जंगल में कोई मयूर मधुर आवाज करें तो उसके प्रभाव से वह बंधन ढीले कर अपने विलों में चले जातें है. अध्यक्षा डा. राजुल सिंघई ने बताया कि श्री हीरालाल ने इस मंदिर के निर्माण में तन मन धन सब समर्पित किया है.

## जन्म जयंती पर कटरा में कार्यक्रम 5 मार्च को

**सागर.** साहित्याचार्य डॉ पंडित पन्नालाल जैन की 115 वी जन्म जयंती के अवसर पर कटरा नमक मंडी स्थित कीर्ति स्तंभ के समक्ष 5 मार्च गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. जैन भ्रात संघ के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में सुबह 9 बजे प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण किया जायेगा. जिसके पश्चात ब्र.प्रदीप शास्त्री पीयूष जबलपुर, ज्ञान दिवाकर पंडित पन्नालाल जी पर अपना संबोधन देंगे. इस अवसर पर संस्कृत साहित्य विकास में पंडित पन्नालाल जैन के अवदान पर वरिष्ठ साहित्यकार टीकाराम त्रिपाठी संबोधित करेंगे.